कुक्कुट पालन विषय पर तीन दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का आयोजन

कुक्कुट पालन विभाग, पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय जबलपुर में दिनांक 18–20 जून 2024 तक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. वैशाली खरे की अगुवाई में एवं अखिल भारतीय कुक्कुट अनुसंधान परियोजना, भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से अनुसूचित जाति के हितग्राहियों हेतु तीन दिवसीय कुक्कट पालन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 45 ग्रामीणों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर लाभ लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मनदीप शर्मा, कुलपति नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. जी.पी. लखानी, डॉ सुनील नायक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. देवेश उपाध्याय एवम आभार प्रदर्शन डॉ. अनिल शिंदे द्वारा किया गया। माननीय कुलपति जी ने ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण उपरांत कुक्कुट पालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने की सलाह दी एवं प्रशिक्षणार्थियों को छोटे स्तर से कुक्कुट पालन करने के लिए प्रेरित किया और इसे अधिक आमदनी एवं मुनाफेदार व्यवसाय बताया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को कुक्कुट पालन से जुड़े सभी विषयों पर प्रशिक्षण के सह समन्वयक डॉ. अंकुर खरे, डॉ. आकांक्षा सिंह आदि द्वारा विस्तारपूर्वक बताया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थी को प्रक्षेत्र भ्रमण कराया गया, साथ ही उनको प्रायोगिक कार्य जैसे की कुक्कुट आहार बनाना, टीकाकरण की विधि, चूजों का पालन एवम प्रबंधन के बारे में बताया गया एवं उनके द्वारा इनका अभ्यास भी कराया गया। अंत में अतिथियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को निशुल्क कुक्कुट एवं कुक्कुट पालन सामग्री का वितरण किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर